**K.P. C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT II – 2023-24**

**Grade – VIII** **Marks 100**
**Subject - Hindi** **Time – 3 Hours**

---

निर्देश :

(i)इस प्रश्न-पत्र के तीन खंड हैं – खंड 'क' , खंड 'ख' , खंड 'ग' |

(ii) तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii)यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्र.1. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक )**

आज भी हम हिरोशिमा और नागासाकी की एटमी विभीषिकाओं को नहीं भूले हैं। यह घटना सदियों तक मानव समाज को चेतावनी देती रहेगी कि परमाणु शक्ति का दुरुपयोग मानव जाति के लिए विनाश का कारण बन सकता है। अत: परमाणु शक्ति को नियंत्रित करने के लिए विश्वस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ही परमाणु हथियारों को नष्ट कर देना चाहिए था, किंतु दो भागों में विभाजित विश्व-व्यवस्था ने परमाणु हथियारों की होड़ को और बढ़ा दिया है। सी.टी.बी.टी. और एन.पी.टी. (परमाणु अप्रसारण संधि) पर हस्ताक्षर द्वारा विश्व स्तर पर इसे नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत परमाणु शक्ति का प्रयोग सदैव शांति एवं विकास कार्यों में करने का पक्षधर रहा है। भारत ने हमेशा ही परमाणु हथियारों का विरोध किया है, परंतु राजनैतिक कारणों से मजबूर होकर उसे पोखरण में परमाणु परीक्षण करना पड़ा।

1. हम कहाँ की एटमी विभीषिकाओं को नहीं भूले हैं? 1

(क) जर्मनी की (ख) न्यूयार्क की
(ग) अमेरिका की (घ) हिरोशिमा और नागासाकी की

2. परमाणु शक्ति का दुरुपयोग मानव जाति के लिए किसका कारण बन सकता है? 1

(क) गौरव का (ख) विनाश का
(ग) प्रदूषण का (घ) उत्थान का

3. भारत ने परमाणु परीक्षण कहाँ किया था? 1

(क) पोखरण में (ख) अहमदाबाद में
(ग) चेन्नई में (घ) देहरादून में

4. परमाणु हथियारों को कब नष्ट कर देना चाहिए था? 1

(क) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद (ख) प्रथम विश्व युद्ध से पहले
(ग) अक्षरधाम हमले के बाद (घ) संसद पर हमले के बाद

5. परमाणु हथियारों की होड़ को किसने बढ़ा दिया है? 1

(क) आतंकवाद ने (ख) लोगों की आंतरिक कलह ने
(ग) आपसी विवादों ने (घ) दो भागों में विभाजित विश्व व्यवस्था ने

6. भारत का परमाणु शक्ति का प्रयोग का कारण है - 1

(क) आतंकवाद बढ़ाने के लिए (ख) शांति और विकास कार्यों के लिए

(ग) उन्नति के लिए (घ) युद्ध के लिए

7. 'होड़' शब्द का अर्थ है - 1

(क) स्पर्धा (ख) चेतावनी

(ग) विनाश (घ) विकास

**आ) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकYi चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

1.नौका पार लगाने के लिए क्या करना चाहिए? 1

(क) निरंतर प्रयत्न एवं साहस से कार्य करना चाहिए।

(ख) लहरों से डरना नहीं चाहिए।

(ग) कोशिश करते रहना चाहिए।

(घ) दिए गए सभी।

2. चींटी कैसे मंजिल पार करती है? 1

(क) मन में विश्वास रखकर बार-बार फिसल कर ।

(ख) एक ही बार प्रयत्न करने पर।

(ग) दूसरों का सहारा पाकर।

(घ) धीरे-धीरे चढ़कर।

3. गोताखोर सिंधु (सागर) में डुबकियाँ क्यों लगाते हैं? 1

(क) घूमने के लिए। (ख) मोती प्राप्त करने के लिए |

(ग) अपने रिकार्ड बनाने के लिए। (घ) आत्मसंतुष्टि के लिए |

4. सागर में मोती कहाँ मिलते हैं? 1

(क) उथले जल में (ख) पानी के बीचों-बीच

(ग) गहराई में जाकर (घ) सीपियों के बंद मुँह में

5. काव्यांश का संदेश क्या है? 1

(क) निरंतर प्रयत्नशील रहने वाले सफलता पा लेते हैं।

(ख) परिश्रम करो।

(ग) एक बार प्रयत्न करना चाहिए।

(घ) इनमें से कोई नहीं |

6. मन का विश्वास रगों में क्या भरता है ? 1

(क) मेहनत (ख) साहस

(ग) उत्साह (घ) विश्वास

7. नन्ही चींटी मुँह में क्या लेकर चलती है ? 1

(क) मोती (ख) मुट्ठी

(ग) हाथ (घ) दाना

**प्र.2. अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (7 अंक)**

क्षीण चाँदनी में वृक्षों की छाया के नीचे वह बस बड़ी दयनीय लग रही थी। लगता, जैसे कोई वृद्धा थककर बैठ गई हो। हमें ग्लानि हो रही थी कि बेचारी पर लदकर हम चले आ रहे हैं। अगर इसका प्राणांत हो गया तो इस बियाबान में हमें इसकी अंत्येष्टि करनी पड़ेगी। हिस्सेदार साहब ने इंजन खोला और कुछ सुधारा। बस आगे चली। उसकी चाल और कम हो गई थी। धीरे-धीरे वृद्धा की आँखों की ज्योति जाने लगी। चाँदनी में रास्ता टटोलकर वह रेंग रही थी। आगे या पीछे से कोई गाड़ी आती दिखती तो वह एकदम किनारे खड़ी हो जाती और कहती- "निकल जाओ, बेटी ! अपनी तो वह उम्र ही नहीं रही।"

एक पुलिया के ऊपर पहुँचे ही थे कि एक टायर फिस्स करके बैठ गया। वह बहुत जोर से हिलकर थम गई। अगर स्पीड में होती तो उछलकर नाले में गिर जाती। मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा। वह टायरों की हालत जानते हैं फिर भी जान हथेली पर लेकर इसी बस से सफ़र कर रहे हैं। उत्सर्ग की ऐसी भावना दुर्लभ है। सोचा, इस आदमी के साहस और बलिदान भावना का सही उपयोग नहीं हो रहा है। इसे तो किसी क्रांतिकारी आंदोलन का नेता होना चाहिए। अगर बस नाले में गिर पड़ती और हम सब मर जाते तो देवता बाँहें पसारे उसका इंतजार करते। कहते -" वह महान आदमी आ रहा है जिसने एक टायर के लिए प्राण दे दिए। मर गया, पर टायर नहीं बदला |"

1.लेखक को बस की दशा कैसी लगी और क्यों ? 1

(क) दयनीय क्योंकि उसके मालिक उसपर तरस न खाते थे |

(ख) दयनीय क्योंकि उसकी हालत इतनी खराब थी कि वह आगे का सफर तय करने के काबिल न थी |

(ग) दयनीय क्योंकि वह थककर चूर हो गई थी |

(घ) इनमें से कोई नहीं |

2. लेखक को उसके मित्रों को बस में सफर करने में ग्लानि क्यों महसूस हुई ? 1

(क) उनका ड्राइवर से झगड़ा हो गया था |

(ख) उन्हें ऐसा लग रहा था कि बस एक वृद्धा है और हम उस में बैठकर उसे सता रहे हैं |

(ग) उनका बस के हिस्सेदार से झगड़ा हो गया था |

(घ) उन्हें चालक ने बस से उतार दिया था |

3. लेखक के मन में बस के बारे में क्या विचार आया ? 1

(क) यात्रियों को किसी दूसरी बस में बिठा देना चाहिए जिससे बस परेशान न हो |

(ख) बस को ठीक करने के लिए किसी अच्छे कारीगर को बुलाना चाहिए |

(ग) उसे लगा कि यदि इस वृद्धा का देहांत हो गया तो क्रिया-कर्म इसी जंगल में करना पड़ेगा अर्थात यदि यहाँ बस ठस्स हो गई तो इसके पुर्जे भी हाथ न आएँगे |

(घ) इनमें से कोई नहीं |

4. 'बियाबान' शब्द से आप क्या समझते हैं ? 1

(क) खतरनाक (ख) डरावना

(ग) भयानक (घ) सुनसान

5. लेखक के मन में कंपनी के हिस्सेदार के प्रति श्रद्धाभाव क्यों उमड़े ? 1

(क) वह जानता था कि बस के पहिए खराब हैं |

(ख) उसे अपना लोभ-लालच सता रहा था |

(ग) उसे मालूम था कि बस की ऐसी अवस्था से लोगों की जान जा सकती है |

(घ) उपर्युक्त सभी |

6. 'उत्सर्ग की भावना दुर्लभ है' इन शब्दों का क्या अर्थ है ? 1

(क) निरंतर आगे बढ़ने की चाह

(ख) मुश्किल से उद्देश्य पाना

(ग) कंपनी का बस के प्रति मोह न त्यागना और उसे निरंतर चलाना

(घ) लोगों के प्रति सचेत न होना

7. बस के हिस्सेदार को क्रांतिकारी का नाम लेखक क्यों देना चाहता था ? 1

(क) उसे बस में बैठे लोगों की चिंता न थी |

(ख) जिस प्रकार क्रांतिकारी एक उद्देश्य से बढ़ते हैं वैसे ही बस का हिस्सेदार भी किसी की परवाह किए बिना केवल बस को चलाने व लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रेरित था |

(ग) वह अपने उद्देश्य के प्रति कटिबद्ध था |

(घ) वह अपनी बुद्धि से सही-गलत सोच पाने में भी असमर्थ था |

**आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (7 अंक)**

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक गुण स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ-मोह, काम-क्रोध आदि विचार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत बुरा आचरण है। भारतवर्ष ने कभी भी उन्हें उचित नहीं माना, उन्हें सदा संयम के बंधन से बाँधकर रखने का प्रयत्न किया है। परंतु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

हुआ यह है कि इस देश के कोटि-कोटि दरिद्रजनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए ऐसे अनेक कायदे-कानून बनाए गए हैं जो कृषि, उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक उन्नत और सुचारु बनाने के लक्ष्य से प्रेरित हैं, परंतु जिन लोगों को इन कार्यों में लगना है, उनका मन सब समय पवित्र

नहीं होता। प्रायः वे ही लक्ष्य को भूल जाते हैं और अपनी ही सुख-सुविधा की ओर ज्यादा ध्यान देने लगते हैं|

1.भारत में किन वस्तुओं के संग्रह को महत्त्व नहीं दिया जाता है ? 1

(क) भौतिक वस्तुओं के संग्रह को (ख) कृत्रिम साधनों को

(ग) धार्मिक अनुष्ठानों को (घ) इनमें से कोई नहीं

2. चरम और परम किसे माना जाता है? 1

(क) अकेला व एकसार (ख) अग्रणी व प्रधान

(ग) अग्र व पीछे (घ) इनमें से कोई नहीं

3. 'बुरा आचरण' से क्या अभिप्राय है? 1

(क) अंतर्मन की भावना पर गौर करना

(ख) दूसरों के प्रति सही व्यवहार न होना

(ग) बुद्धि व मन को अपने इशारों पर चलाना

(घ) दुनिया की परवाह न करना

4. मनुष्य को अपना आचरण शुद्ध क्यों रखना चाहिए ? 1

(क) ताकि अधिक से अधिक मित्र बनाए जा सके |

(ख) ताकि विश्व में अपनी संस्कृति का ऊँचा स्थान बना रहे।

(ग) ताकि जीवन सुचारू रूप से चल सके।

(घ) ताकि लोगों का सही मार्गदर्शन हो सके।

5. दरिद्रजनों के लिए कैसे नियम बनाए गए हैं ? 1

(क) उन्हें शिक्षित करने हेतु

(ख) उन्हें विदेश भेजने हेतु

(ग) उन्हें नवीनता की ओर अग्रसर करने हेतु

(घ) उनका आर्थिक उत्थान करने हेतु

6. ये नियम क्यों बनाए गए हैं ? 1

(क) लोगों को शिक्षित करने हेतु

(ख) कृषि, उद्योगों, वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों का विकास करने हेतु

(ग) दरिद्रजनों के जीवन को नियमित करने हेतु

(घ) इनमें से कोई नहीं।

7. दरिद्रों हेतु बनाए गए नियम उपयोगी सिद्ध क्यों नहीं होते हैं? 1

(क) क्योंकि उनके लिए बनाए गए नियम, कानून व सुविधाएँ उन्हें मिल ही नहीं पाती ।

(ख) क्योंकि वे नियम उनका उत्थान नहीं करते हैं।

(ग) वे लोग उन नियमों व सुविधाओं को प्राप्त करने में सक्षम नहीं होते ।

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

**प्र.3.अ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

**नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं!**

अभी भी दबा है चिड़िया की<br>
चोंच में तिनका<br>
और वह उड़ने की तैयारी में है!

अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक
जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया

1. 'नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं- शब्दों से क्या तात्पर्य है ? 1

(क) किसी भी काम को अभी किया जा सकता है।

(ख) समय कठिन नहीं, अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने हेतु संकोच नहीं करना चाहिए।

(ग) कठिन समय में बढ़ने से ही सफलता मिलती है।

(घ) निसंकोच आगे बढ़ना चाहिए |

2. चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने को तैयारी में क्यों है? 1

(क) क्योंकि वह घोंसले का निर्माण करना चाहती है।

(ख) क्योंकि तिनका मुँह में दबाकर ऊँची उड़ान भरना चाहती है ।

(ग) तिनके एकत्रित करना चाहती है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. चिड़िया नीड़ का निर्माण क्यों करती है ? 1

(क) ठंड से बचने के लिए (ख) अपने अंडे देने के लिए

(ग) आराम से रहने के लिए (घ) धूप से बचने के लिए

4. झरती हुई पत्ती के माध्यम से कवयित्री क्या संदेश देना चाहती है ? 1

(क) यदि तुम लक्ष्य पर रास्ता भटक जाओ तो कोई अनुभवी हाथ तुम्हे सहारा जरूर देगा।

(ख) झरती पत्ती के माध्यम से कवयित्री संदेश देती है कि निरंतर बढ़ते रहो।

(ग) लक्ष्य पर असफल होने पर कोई सहारा न भी दे तो भी बढ़ते रहो ।

(घ) धैर्यवान बनना चाहिए |

5 यात्री रेलगाड़ियों द्वारा कहाँ पहुँचते हैं? 1

(क) उनके घर (ख) उनके कार्यालय

(ग) गंतव्य तक (घ) स्टेशन पर

6. प्रतीक्षा करने वाले की क्या चाहत होती है? 1

(क) दोपहर से पूर्व घर आ जाए।

(ख) सूरज ढलने से पूर्व सभी अपने घर आ जाए।

(ग) रात्रि से पूर्व सब घर आ जाए।

(घ) सुबह होने से पूर्व सब घर आ जाए।

7. यह सबसे कठिन समय नहीं इस कविता के कवि है - 1

(क) विनीता पांडये (ख) महादेवी वर्मा

(ग) मीराबाई (घ) जया जादवानी

**आ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।1 ||
आवत गारी एक है, उलटत होइ अनेक।
कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक ।। 2 ।।

1. साधु की जाति न पूछ कर क्या करना चाहिए ? 1

(क) उसके बारे में जानने का प्रयास करना चाहिए |
(ख) केवल उसके ज्ञान को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए |
(ग) उससे ज्ञान प्राप्त कर स्वयं विद्वान बनने का प्रयास करना चाहिए ।
(घ) इनमें से कोई नहीं |

2. तलवार का ही मोल-भाव क्यों करना चाहिए ? 1

(क) क्योंकि म्यान मुफ्त मिलती है।
(ख) क्योंकि तलवार की धार काम आती है म्यान नहीं ।
(ग) तलवार के आधार पर म्यान का मूल्य होता है ।
(घ) इनमे से कोई नहीं।

3. 'म्यान' किस काम आता है ? 1

(क) ज्ञान बताने हेतु (ख) तलवार की धार तेज करने के लिए
(ग) तलवार की सुंदरता बढ़ाने हेतु (घ) तलवार रखने के लिए

4. 'गाली' शब्द से क्या अभिप्राय है? 1

(क) बेइज्जती करना (ख) अपशब्द कहना
(ग) अनचाहे शब्द (घ) पलट कर जवाब देना

5. गालियों की संख्या कैसे बढ़ जाती है ? 1

(क) जब एक गाली के कई अर्थ निकलते हो |
(ख) जब एक व्यक्ति एक अपशब्द बार-बार बोलता रहे।
(ग) जब सुनने वाला कहने वाले को भी गाली दें।
(घ) इनमें से कोई नहीं |

6. गालियों की संख्या एक कैसे रह सकती है ? 1

(क) जब गाली सुनने वाला मुस्कुराता रहे।
(ख) जब गाली सुनने वाला कोई उत्तर न दे अर्थात पलट कर गाली न दे।
(ग) जब गाली सुनने वाला बुरा न माने |
(घ) जब गाली सुनने वाला कहने वाले की परवाह न करें।

7. कभी किसी को अपशब्द क्यों नहीं कहने चाहिए ? 1

(क) क्योंकि अपशब्द किसी का भी दिल दुखाते हैं।
(ख) क्योंकि अपशब्द बोलने से व्यक्तित्व का निखार नहीं होता ।
(ग) क्योंकि अपशब्द बोलने वाले का कहीं सम्मान नहीं होता ।
(घ) उपर्युक्त सभी |

**b½ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई - 6)** **(12 अंक)**

1. काफी वर्ष बाद गाँव में आने पर लेखक को बदलू की याद कैसे आई ?
2. कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए |
3. 'भौतिक वस्तुओं के संग्रह ' से आप क्या समझते हैं ? लेखक ने इन्हें महत्त्व क्यों नहीं दिया ?
4. 'यह सबसे कठिन समय नहीं ' यह कविता हमें क्या संदेश देती है ?
5. कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ? पढ़े दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए |
6. कबीर की साखियाँ हमें क्या संदेश देती हैं ?
7. जीवन में नवीनीकरण क्यों आवश्यक है ?

**खंड 'ख'**

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **(20 अंक)**

1.मूक व बधिर लोग प्रयोग में लाते हैं - 1

(क) भाषा का मौखिक रूप (ख) भाषा का लिखित रुप

(ग) भाषा का सांकेतिक रूप (घ) इनमें से कोई नहीं

2. जब कर्ता स्वयं काम न करके किसी और से करवाता है तो वह कहलाती है - 1

(क) अकर्मक क्रिया (ख) द्विकर्मक क्रिया

(ग) प्रेरणार्थक क्रिया (घ) इनमें से कोई नहीं

3. बच्चे मैदान से खेलकर चले गए | (वाक्य का काल पहचानिए) 1

(क) वर्तमान काल (ख) भविष्यत् काल

(ग) भूतकाल (घ) इनमें से कोई नहीं

4. कालवाचक क्रियाविशेषण अव्यय बोध करवाते हैं- 1

(क) क्रिया के होने के स्थान का (ख) क्रिया के होने की रीति का

(ग) क्रिया की मात्रा या परिमाण का (घ) क्रिया के होने के समय का

5. संबंधबोधक अव्यय का सही वाक्य है - 1

(क) अब्दुल नमाज पढ़ने गया।

(ख) अब्दुल पिता के साथ नमाज पढ़ने गया |

(ग) अब्दुल और पिता जी नमाज पढ़ने गए ।

(घ) अब्दुल पिता का नमाज पढ़ने गया |

6. विस्मयादिबोधक शब्द प्रकट करते हैं - 1

(क) विचारों को (ख) भावों को

(ग) मनः स्थिति को (घ) मानसिक स्वरूप को

7. विशेषण और विशेष्य साथ-साथ होते हैं - 1

(क) अव्ययीभाव समास में (ख) कर्मधारय समास में

(ग) द्वंद्व समास में (घ) बहुव्रीहि समास में

8. माँ द्वारा घर सजाया जाता है । (वाच्य पहचानिए ) 1

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

9. अविकारी शब्द होते हैं - 1

(क) जो संज्ञा व सर्वनाम के आधार पर बदल जाते हैं ।

(ख) जो लिंग, वचन व कारक के आधार पर बदल जाते हैं ।

(ग) जो कर्म के आधार पर बदल जाते हैं ।

(घ) जो लिंग, वचन व कारक के आधार पर कभी नहीं बदलते |

10. इकारांत तथा ईकारांत स्त्रीलिंग शब्दों में बहुवचन बनाने हेतु जोड़ा जाता है। 1

(क) या (ख) याँ

(ग) ओ (घ) ऐ

11. निम्नलिखित शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए – प्रकाश 1

12. राम साइकिल से गिर गया | (वाक्य में आया कारक पहचान कर उसका भेद लिखिए ) 1

13 अहमद सिनेमा देखता है | (कर्मवाच्य में बदलिए) 1

14. लड़कियाँ नहीं चलतीं | (भाववाच्य में बदलिए) 1

15. चूहों ने धीरे-धीरे सारा सामान फैला दिया |(क्रियाविशेषण अव्यय पहचान कर उसका भेद लिखिए) 1

16. तुम्हें क्या चाहिए घर ______ गाड़ी | (उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखिए) 1

17. क्रिया किसे कहते हैं ? 1

18. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : मन मोह लेना | 1

19. निम्न खाली स्थानों को पूरा कीजिए : 2

| समस्त पद | समस्त पद का विग्रह | समास का नाम |
|---|---|---|
| 1 दशानन | ____________ | ___________ |
| 2. _________ | प्रत्येक मास | ___________ |

**खंड 'ग'**

**प्र.5 अ) निबंध–लेखन : (कोई - 1)** **8**

1 .मोबाइल फोन सुविधा या असुविधा

(आवश्यक अंग, सहज जुड़ाव, ढेरों सुविधाएँ, दूसरों के लिए खतरा, सही रूप में प्रयोग आवश्यक)

2. करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

( अर्थ, अभ्यास का महत्त्व, विभिन्न उदाहरण, सफलता हेतु अनिवार्य, मनुष्य की उन्नति, अभ्यास न करने पर पछताना, निरंतर प्रयास )

**आ) पत्र–लेखन : (कोई – 1)** **6**

अनुशासन का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए |

अथवा

अपने क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप का वर्णन करते हुए उचित कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए |

**प्र.6 अ) संवाद–लेखन :** **6**

पेड़ और पेड़ काटने वाले लकडहारे के बीच संवाद लिखिए |

**आ) विज्ञापन–लेखन :** **6**

योग प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं को आकर्षित करने संबंधी विज्ञापन लिखिए |